प्रीत ना लगाई तूने कृष्ण मुरार से भजन लिरिक्स

जनम गवाया तूने,
यूँ ही बेकार रे,
प्रीत ना लगाई तूने,
कृष्ण मुरार से,
प्रीत ना लगाई तुने,
मदन मुरार से।bd।

सुंदर सी काया तेरी,
जिसने बनाई,
उसी हरि की तूने,
याद भुलाई,
जीवन गवाया तूने,
यूँ ही बेकार रे,
प्रीत ना लगाई तुने,
मदन मुरार से।bd।

आया है अकेला,
जाएगा अकेला,
दो दिन की दुनियादारी,
दो दिन का मेला,
साथ ना देगा तेरा,
कोई रिश्तेदार रे,
प्रीत ना लगाई तुने,
मदन मुरार से।bd।

हीरा सा जीवन अपना,
सफल बनाए जा,
मुख से तू प्यारे अपने,
राधे-राधे गाए जा,
राधे करेंगी नैय्या,
तेरी भवसे पार रे,
प्रीत ना लगाई तुने,
मदन मुरार से।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जनम गवाया तूने,
यूँ ही बेकार रे,
प्रीत ना लगाई तूने,
कृष्ण मुरार से,
प्रीत ना लगाई तुने,
मदन मुरार से।bd।

गायक – नीलेश तिवारी।
प्रेषक – सुरेश धाकड़।
9753145644

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com